卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 139 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦23 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## दिल्ली एयरपोर्ट पर असम पुलिस ने पवन खेड़ा को किया गिरफ्तार

**रायपुर अधिवेशन में शामिल होने जा रहे थे, पीएम के खिलाफ की थी टिप्पणी**

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रवक्ता पवन खेड़ा को दिल्ली एयरपोर्ट पर असम पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरुवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा अन्य नेताओं के साथ रायपुर में हो रहे अधिवेशन में शामिल होने जा रहे थे। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि नियमों के तहत असम पुलिस की अपील पर कार्रवाई हुई है। दरअसल, गुरुवार को पवन खेड़ा दिल्ली से रायपुर जा रही फ्लाइट में बैठने वाले थे। लेकिन उन्हें रायपुर जाने से रोक दिया गया। कांग्रेस ने पहले दावा किया कि पवन खेड़ा को दिल्ली एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में लेने का प्रयास किया गया। लेकिन बाद में ट्वीट किया कि दावा किया कि पवन खेड़ा को गिरफ्तार



कर लिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने सवाल किया कि खेड़ा ने ऐसा कौन सा जुर्म कर दिया। ये तानाशाही नहीं तो क्या है। पवन खेड़ा की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस के नेता धरने पर बैठ गए। वहीं, दिल्ली से रायपुर जा रही फ्लाइट 6 ई-204 को भी रद्द कर दिया गया है। असम पुलिस के आईजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार भुइयां ने कहा कि असम के दीमा हसाओ जिले के हाफलोंग थाने में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पवन खेड़ा को स्थानीय कोर्ट में पेश कर रिमांड लेने के लिए असम पुलिस की एक टीम दिल्ली गई है। कोर्ट के बाद खेड़ा को असम लाया जाएगा। बता दें कि हाल ही में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी की थी। इसे लेकर भाजपा ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पवन खेड़ा ने अडानी मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था अगर अटल बिहारी वाजपेयी जेपीसी बना (शेष पेज सात पर)

## उत्तराखंड के 16 केंद्रों पर पीसीएस की मुख्य परीक्षा परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग पीसीएस की मुख्य परीक्षा हरिद्वार के पांच केंद्रों सहित राज्य के सभी 16 केंद्रों पर आरंभ हुई। राज्य लोक सेवा आयोग के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है, अभी तक कहीं किसी किस्म की कोई सूचना नहीं है। परीक्षा 26 फरवरी तक रोजाना दो पारियों में 9 से 12 और दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होगी। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है, कहीं किसी किस्म की कोई शिकायत नहीं है। उन्होंने बताया कि आरंभिक सूचना के अनुसार कुछ परीक्षार्थियों के परीक्षा में सम्मिलित ना होने की सूचना प्राप्त हुई है पर इसका आधिकारिक आंकड़ा दोनों पालियों की समाप्ति के बाद ही मिल पाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्य परीक्षा के लिए 5636 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। पूरी परीक्षा की वीडियोग्राफी कराई जा रही है। परीक्षा केंद्र में मोबाइल, केलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित है। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति और पहचान की भी व्यवस्था की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट बृजेश तिवारी ने बताया कि पीसीएस मुख्य परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की गई है। हरिद्वार के परीक्षा केंद्र परीक्षा भवन राज्य लोक सेवा आयोग, भूमानंद नर्सिंग कालेज, पुलिस माडर्न स्कूल, शांति मेमोरियल पब्लिक स्कूल जगजीतपुर और एंजिल्स एकेडमी बहादराबाद। इन केंद्रों पर 1716 पंजीकृत अभ्यर्थी हैं। देहरादून के परीक्षा (शेष पेज सात पर)

## संत समागम में आने से ही सार्थक बनता है जीवन: धामी

**श्री तुलसी धाम में आयोजित 69वें श्री तुलसी महायज्ञ कार्यक्रम में पहुंचे सीएम,संतों का किया स्वागत**

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। संत महा पुरूषों द्वारा कियेजाने वाले सत्संग के माध्यम से ही हिंदू संस्कृति आगे बढ़ रही है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आजग्राम मलसा गिरधर स्थित श्री तुलसी धाम में आयोजित 69वें श्री तुलसी महायज्ञ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि यह उनका परम सौभाग्य है कि आज उन्हें श्री तुलसी धाम में आकर संत महापुरूषों के चरणों में बैठकर उनका आशीर्वाद मिल रहा है। जय श्री राम के जयघोष के साथ शुरू किये अपने संबोधन में श्री धामी ने उपस्थित समस्त संत महापुरूषों व मातृशक्ति को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि धन दौलत अर्थहीन है जीवन की सार्थकता केवल संत समागम में आने से ही होती है। सत्संग का श्रवण करके सभी को अपना जीवन पुण्य बनाना चाहिये। साथ ही गुरू एवं संतों के दर्शन व उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सदैव उन पर विश्वास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि संतों व गुरू से मिले संस्कारों की बदौलत ही आज वह देवभूमि उत्तराखंड को सशक्त बनाने में जुटे हुए हैं। सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि की चारधाम यात्रा को निरंतर सुधारा जा रहा है। यहां मार्गों का चौड़ीकरण करने के साथ रोपवे व हेली सेवा भी चलायी जा रही है। इसका सर्वाधिक लाभ बुजुर्ग श्रद्धालुओं को होगा जिन्हें गंगोत्री, यमुनोत्री, बदरीनाथ व केदारनाथ धाम सहित अन्य तीर्थ स्थलों तक पहुंचाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। श्री धामी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी स्वयं देवभूमि के तीर्थस्थलों के विकास के लिये गंभीर है और उन्ही के निर्देशों और मार्गदर्शन में विकास के कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दिल्ली में राजपथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड का नाम कर्तव्य पथ रखा गया है और पिछले 23 वर्ष के इतिहास में देवभूमि का यह सौभाग्य है कि उत्तराखंड की झझंकी को प्रथम पुरूस्कार प्राप्त हुआ है। श्री धामी ने कहा कि (शेष पेज सात पर)














**भोग/अन्तिम अरदास**



अत्यन्त दुखित हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माताजी सरदारनी बलवीर कौर धर्म पत्नी स्वर्गीय सरदार शीशा सिंह विर्क का स्वर्गवास दिनांक 16 फरवरी 2023 दिन बृहस्पतिवार को हो गया था। उनकी आत्मिक शान्ति के लिए **अन्तिम अरदास-भोग दिनांक** 24 **फरवरी** 2023 **दिन शुकवार** प्रातः 11बजे से 1 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा,गोल मार्केट, रुद्रपुर में सम्पन्न होगा।

**-शोकाकुल परिवार-**

स० बलजीत सिंह विर्क (पौत्र) — सरदार अमीर सिंह विर्क (पुत्र)
स० सन्दीप सिंह विर्क(पौत्र) — स्व0 सरदार शमीर सिंह विर्क(पुत्र)
स० कंवलजीत सिंह विर्क (बब्बू विर्क)(पौत्र) — मो. 9012356584,9837927004 9897300005

एवं समस्त विर्क परिवार,ढिल्लो परिवार, गिल परिवार एवं झब्बर परिवार

कृपया विज्ञापन को ही व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।

## उत्तराखंड पुलिस ने चालानों कमाये 37.89 करोड़


**2022 में सी.पी.यू ने 1.05 लाख तथा अन्य पुलिस ने 5.87 लाख किये चालान**

काशीपुर(उद संवाददाता)। वर्ष 2022 में उत्तराखंड पुलिस ने 6 लाख 92 हजार वाहन चालान करके 37 करोड़ 89 लाख रूपये का जुर्माना (संयोजन शुल्क) वसूल किया। यह खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट को पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड के लोक सूचना अधिकारी से 2022 में पुलिस द्वारा किये गये वाहन चालानों तथा वसूले गये जुर्माने (संयोजन शुल्क) की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय की लोक सूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) शाहजहां जावेद खान ने अपने पत्रांक 648 के साथ पुलिस महानिरीक्षक/ निदेशक यातायात उत्तराखंड मुख्तार मोहसिन द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरणों की प्रतियां उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड पुलिस ने 2022 में कुल 6 लाख 92 हजार वाहन चालान किये है जिसमें 1 लाख 5 हजार चालान सी.पी.यू. की 4 जिलों की यूनिटों द्वारा तथा 5 लाख 87 हजार चालान अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गये है। इन चालानों पर पुलिस द्वारा कुल 37 करोड़ 89 लाख का जुर्माना (संयोजन शुल्क) वसूला गया है। इसमें सी.पी.यू. द्वारा 3 करोड़ 65 लाख तथा अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा 34 करोड़ 24 लाख का संयोजन शुल्क (जुर्माना) वसूला गया है।सी.पी.यू. द्वारा किये गये चालानों में सर्वाधिक 36 हजार चालान देहरादून जिले की यूनिटों द्वारा किये गये है तथा 1 करोड़ 8 लाख 99 हजार का जुर्माना वसूला गया है, जबकि दूसरे स्थान पर उधमसिंह नगर जिले की यूनिटों ने 29 हजार 400 चालान किये व 93 लाख 45 हजार का जुर्माना वसूला गया है। हरिद्वार जिले की यूनिटों द्वारा 27 हजार 100 चालान किये व 1 करोड़ 8 लाख 75 हजार का जुर्माना वसूला गया। नैनीताल जिले की यूनिट द्वारा 12 हजार 600 चालान किये गये तथा 54 लाख 25 हजार रूपये का (शेष पेज सात पर)

# चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य

## प्रदेश के लोगों को भी कराना होगा पंजीकरण, परिवहन मुख्यालय जारी करेगा एसओपी

देहरादून। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। पंजीकरण के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर क्यूआर कोड आएगा। इस क्यूआर कोड के आधार पर धामों में दर्शन करने के लिए टोकन मिलेगा। इसी टोकन में दर्शन का समय होगा। पर्यटन विभाग की इस नई व्यवस्था से श्रद्धालुओं को लंबी लाइनों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। बिना क्यूआर कोड के दर्शन की अनुमति नहीं होगी। चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन के लिए इस बार परिवहन मुख्यालय मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करेगा। आरटीओ दून सुनील शर्मा की ओर से चारधाम यात्रा को लेकर जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसे मद्देनजर रखते हुए परिवहन मुख्यालय एसओपी तैयार कर रहा है। वहीं, संयुक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने बताया कि चारधाम यात्रा में ग्रीन कार्ड बनाने की प्रक्रिया, चेकपोस्ट, यहां तैनात होने वाली प्रवर्तन दल की कार्यप्रणाली, यात्रा सेल की जिम्मेदारियां तय करने के लिए यह एसओपी तैयार की जा रही है। अभी तक पंजीकरण की सुविधा बदरीनाथ व केदारनाथ की यात्रा के लिए है। जबकि गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के बाद ही इन दोनों धामों के लिए पंजीकरण शुरू होगा। फिर चारों धामों के लिए एक ही पंजीकरण पर्याप्त होगा। चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण व्यवस्था बाहरी राज्यों के तीर्थयात्रियों के साथ ही प्रदेश के लोगों के लिए भी अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड के अलावा पहचान से संबंधित कोई भी प्रमाणपत्र दे सकते हैं। यदि कोई केदारनाथ या बदरीनाथ धाम के लिए पंजीकरण कराता है और बाद में



यमुनोत्री और गंगोत्री धाम भी जाना चाहता है तो दोबारा से पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण में यात्रा करने वाले सभी सदस्यों की जानकारी देनी होगी। बाद में इसमें बदलाव नहीं हो पाएगा। चारधाम यात्रा के लिए ग्रीन कार्ड बनाने का काम मार्च के अंतिम सप्ताह से शुरू किया जाएगा। संयुक्त परिवहन आयुक्त एसके सिंह ने बताया कि वाहनों के ग्रीन कार्ड के लिए ऑनलाइन या एप के माध्यम से आवेदन करने के बाद किसी भी परिवहन दफ्तर में जाकर वाहनों की भौतिक जांच करानी होगी। इसी आधार पर ग्रीन कार्ड जारी होंगे। संभावित तौर पर 20 से 25 मार्च के बीच यह काम शुरू कर दिया जाएगा। इस बार चारधाम यात्रा के लिए यातायात प्रबंधन पर खास फोकस किया गया है। इसके तहत वाहनों की संख्या बढ़ने नहीं दी जाएगी। तय किया गया है कि इस बार किसी भी वाहन को यात्रा मार्ग पर बीच में नहीं रोका जाएगा। व्यावसायिक वाहन रोटेशन पर चलते हैं, जिन्हें बीच में रोकने से अव्यवस्थाएं बढ़ जाती हैं। यात्रियों की संख्या से जुड़े ट्रिप कार्ड केवल व्यावसायिक वाहनों के लिए ही अनिवार्य हैं। अगर कोई निजी वाहन से चारधाम यात्रा जाना चाहता है तो उसके लिए ट्रिप कार्ड की अनिवार्यता नहीं है। यह भी तय किया गया है कि जो भी यात्री पंजीकरण कराएगा, उसे चारों धामों की यात्रा की तिथियां एक ही स्लॉट में दी जाएंगी। ताकि वह एक बार यात्रा शुरू कर निर्धारित समयावधि में पूरी कर ले। परिवहन मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि निजी बस संचालकों की ओर से चारधाम यात्रा में किराया बढ़ोतरी का कोई प्रस्ताव अभी तक नहीं आया है। अगर इस तरह का कोई प्रस्ताव आया तो मार्च में होने वाली राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) बैठक में रखा जाएगा। एसटीए ही इस पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत है।

# हॉर्न बजाने पर सिरफिरे ने किया तीन को लहूलुहान

काशीपुर। साइड लेने के लिए हॉर्न बजाने पर सिरफिरे कार चालक ने पीछे पीछे चली आ रही गाड़ी को रोककर उसमें सवार ड्राइवर तथा मालिक को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। बीज बचाओ करने पर एक अन्य को भी लोहे की रॉड से मारकर बुरी तरह लहूलुहान करते हुए वाहन को भी आरोपी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर माता मंदिर रोड निवासी विवेक कुमार मल्होत्रा पुत्र स्वर्गीय जगत नारायण मल्होत्रा ने बताया कि बज्जर पट्टी कुंडेश्वरी निवासी राजपाल पुत्र तारा सिंह उसके यहां काम करता है। बीते 21 फरवरी को राजपाल टाटा 407 से माल उतारकर गदरपुर से वापस काशीपुर की ओर लौट रहा था इसी दौरान अपराह्न लगभग 3:00 बजे खड़कपुर देवीपुरा रोड पर शुगर मिल के समीप आगे चल रही एक कार को पास करने के लिए हॉर्न बजाया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि हॉर्न बजाते ही गाड़ी में बैठा खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी हरविंदर सिंह नामक युवक ने अपनी कार को टाटा 407 के सामने खड़ी कर कार में से डंडा निकालते हुए ड्राइवर तथा मोहल्ला मालिक मोहल्ला काजीबाग निवासी अभय कुमार पुत्र वेद प्रकाश को बुरी तरह मारने लगा। इस दौरान जब दोनों गाड़ी लेकर जान बचाकर भागे तो आरोपी हरविंदर ने उन्हें एलआईसी मोड़ के समीप रोककर पुनः पिटाई शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि इस दौरान मौके पर भीड़ लग गई तभी वह उधर से मोटरसाइकिल से गुजरते हुए रुक गया। उसने जब बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपी हरविंदर ने उस पर लोहे की रॉड से प्राणघातक हमला करते हुए वाहन को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस प्रकरण में तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# अतिक्रमण को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर चले लाठी और डंडे

देहरादून। जाखन से सटे दून विहार स्थित अंसल ग्रीन वैली में अतिक्रमण पर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इस दौरान क्षेत्र के एक युवक का सिर फट गया। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान अतिक्रमणकर्त्ता पर क्षेत्रीय पार्षद के ऊपर पट्रोल छिड़कने का भी आरोप है। अतिक्रमण की जांच करने पहुंची नगर निगम की टीम के सामने ही यह हंगामा हुआ। जबकि, मारपीट के बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एक पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर भी दी गई है। महापौर सुनील उनियाल गामा ने अतिक्रमण की जांच के आदेश दिए हैं। दून विहार क्षेत्र के पार्षद संजय नौटियाल ने क्षेत्र में स्थित नगर निगम की करीब 10-12 बीघा भूमि पर




किए जा रहे अवैध कब्जे और अतिक्रमण की शिकायत निगम के अधिकारियों को दी थी। आरोप है कि निगम की भूमि पर ग्रीन लैंड के नाम से कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि शासन स्तर के अधिकारियों की सह पर अंसल ग्रीन वैली में प्रवीन भारद्वाज नाम के व्यक्ति ने कई बीघा जमीन कब्जाई है और एमडीडीए के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध निर्माण किया जा रहा है। जिस पर कर एवं राजस्व अधीक्षक भूमि राहुल कैंथोला ने बुधवार को निगम की टीम को वस्तुस्थिति का पता लगाने और भूमि की पैमाइश करने के लिए भेजा। निगम की टीम ने मौके पर पहुंची तो पार्षद समेत क्षेत्र के अन्य लोगों ने उन्हें मंदिर की दीवार तोड़े जाने की जानकारी दी। साथ ही प्रवीन भारद्वाज की ओर से किए जा रहे अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान प्रवीन भारद्वाज और उनके कुछ साथी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई, जो हाथापाई में बदल गई। इस दौरान दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चले। आरोप है कि एक युवक के सिर पर बेसबाल के बैट से हमला कर दिया गया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर जाखन चौकी और राजपुर थाने से पुलिस बल पहुंचा और हंगामा शांत कराया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी और भी मौके पर पहुंच गए। स्थिति को जैसे-तैसे काबू कर अधिकारियों ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया। महापौर, सुनील उनियाल गामा ने बताया कि अंसल ग्रीन वैली में नगर निगम की भूमि का सीमांकन किया जाएगा। प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण व कब्जे चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की भूमि पर किसी प्रकार का कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पार्षद संजय नौटियाल ने बताया कि वहां बने मंदिर का एक मीटर हिस्सा नगर निगम की भूमि पर था, जिसको उन्होंने खुद ही तुड़वा दिया था, लेकिन यहां प्रवीन भारद्वाज नाम के व्यक्ति ने भी निगम की भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया है। जिस पर कार्रवाई की मांग क्षेत्रवासियों ने निगम से की। निगम की टीम भूमि का सीमांकन करने पहुंची तो प्रवीन भारद्वाज बौखला गया और उनसे झगड़ने लगा। आरोप है कि प्रवीन भारद्वाज ने पार्षद के ऊपर पेट्रोल छिड़कर उन्हें जलाने का प्रयास किया। विवेक विहार निवासी रेखा राजपूत ने जाखन चौकी में तहरीर देकर कहा कि वह अंसल ग्रीन वैली में पार्षद संजय नौटियाल के साथ खड़ी थीं। इस दौरान वहां प्रवीन भारद्वाज आया और पार्षद के साथ झगड़ा करने लगा। रेखा ने बताया कि उनका बेटा अजय बचाव करने लगा, तभी प्रवीन भारद्वाज के बेटे ने अजय पर बेसबाल के बैट से हमला कर उसे लहुलुहान कर दिया। आरोप है कि प्रवीन की पत्नी भी वहां पिस्टल लेकर पहुंच गई और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। अजय अस्पताल में भर्ती है और उसके सिर पर टांके लगे हैं।

# नकल विरोधी कानून के स्वागत और हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए सीएम पुष्कर धामी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज रुद्रपुर पहुंचे। यहां उन्होंने राधा स्वामी सत्संग व्यास के ग्राउंड में आयोजित नकल विरोधी कानून के स्वागत और हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने युवाओं को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनके हितों पर कुठाराघात नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार भर्ती घोटाले और पेपर लीक के मामले लगातार सामने आ रहे थे, जिसके बाद उन्होंने इन सभी मामलों की जांच बिठाई और जो सिंडिकेट इसके पीछे काम कर रहा था, उसका काकस तोड़ा। 60 से ज्यादा लोग आज जेल में बंद हैं। सरकार ने बात यहीं पर नहीं रोकी, यह सिंडिकेट दोबारा मुंह न उठाए इसके लिए प्रदेश में एक ऐसा नकल विरोधी कानून लाया गया जो देश का सबसे सख्त कानून है। उन्होंने कहा कि इस कानून में उम्र कैद तक का प्रावधान है। इसके साथ ही अगर कोई प्रतियोगी छात्र नकल में लिप्त पाया जाता है तो 10 वर्ष तक उसे किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में हिस्सा लेने का अधिकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पेपर लीक को लेकर को लेकर अफवाह उड़ाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में आई जा रही है। उन्होंने युवाओं को भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए ही प्रतियोगी छात्रों के लिए बसों में निशुल्क यात्रा की व्यवस्था की गई है।








ANANT GRAPHICS
9837777818 Anant Graphics
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road, Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# परिवहन मंत्री ने किया आइएसबीटी का औचक निरीक्षण

देहरादून। परिवार के साथ कार से दिल्ली जा रहे परिवहन मंत्री चंदन रामदास बुधवार शाम अचानक आइएसबीटी के औचक निरीक्षण को पहुंच गए। इस दौरान वहां की बदहाली देख उनका पारा चढ़ गया। परिवहन मंत्री ने न केवल बस अड्डे के सुधार के लिए चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया, बल्कि परिवहन निगम की बसों में जाकर यात्रियों से बातचीत भी की। मंत्री ने आइएसबीटी के दुकानदारों से भी बातचीत की और बस सेवा व सुविधा का फीडबैक लिया। उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर टिकट काउंटर पर बैठे कार्मिकों से भी बातचीत की। उन्होंने आइएसबीटी में यात्रियों के बैठने, पेयजल व स्वच्छता समेत शौचालय की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत समस्त व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएं। कहा कि एक हफ्ते के अंदर यात्रियों को बैठने के लिए बैंच की व्यवस्था की जाए। पेयजल आपूर्ति बाधित न हो व शौचालय में पर्याप्त स्वच्छता रहे। यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत सभी जानकारी बोर्ड पर चस्पा की जाएं। बुजुर्गजन को आवागमन के लिए कोई परेशानी न हो। परिवहन निगम के स्टाफ विश्राम कक्ष में मिली अव्यवस्था पर परिवहन मंत्री ने कहा कि चालक सैकड़ों किमी बस चलाने के बाद आते हैं और अगर उन्हें आराम ही नहीं मिलेगा तो वह दोबारा बस कैसे लेकर जाएंगे। विश्राम कक्ष में पलंग की संख्या बढ़ाने और उन पर गद्दे लगाने के निर्देश दिए। टिकट मशीन रूम दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि एमडीडीए की ओर से बस अड्डे का सुधार कराया जा रहा। इसके निर्माण कार्य की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के पास है। मंत्री ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने को कहा। आइएसबीटी के बाहर डग्गामार वाहनों के संचालन पर मंत्री ने नाराजगी जता परिवहन अधिकारियों को संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि अगर उन्हें डग्गामार वाहन संचालित होते दिखे तो अधिकारी नपेंगे। मंत्री ने बस अड्डे पर अधिकारियों से चारधाम यात्रा को लेकर चल रही तैयारी की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने बताया कि निगम की ओर से पहले चरण में 100 बसें यात्रा में लगाई जाएंगी। इसके बाद आवश्यकता के अनुसार रिजर्व में रखीं गई 250 बसों से यात्रा के लिए बसें उपलब्ध कराई जाएंगी। कुछ चालकों के नशे में बस संचालन की शिकायत पर परिवहन मंत्री ने कहा कि चालक की ब्रीथ एनेलाइजर (शराबी चालकों को पकड़ने का संयंत्र) से चेकिंग की जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्रीथ एनेलाइजर की खरीद की जाए। बस चलने से पूर्व चालक व परिचालक का इससे टेस्ट कराया जाए। बस व्यवस्था की नियमित शीट बनाने का निर्देश भी दिया।





# आबादी के बीच पहुंचा घायल तेंदुआ, लोगों में दहशत

अल्मोड़ा। सोमेश्वर क्षेत्र के गोल्ने गांव में एक घायल तेंदुआ आबादी के बीच पहुंच गया जिससे लोगों में दहशत फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने से तेंदुआ झाड़ियों में छुप गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन कर्मी पूरे दिन तेंदुए की पहरेदारी करते हुए उसे ट्रेंकुलाजर करने को विशेषज्ञों का इंतजार करते रहे। लेकिन देर रात तक विशेषज्ञ मौके पर नहीं पहुंच सके। ऐसे में वन कर्मियों को पूरी रात तेंदुए की पहरेदारी के निर्देश जारी करने पड़े। बुधवार सुबह सोमेश्वर के गोल्ने में एक तेंदुआ घायल अवस्था में आबादी के बीच पहुंच गया। सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। भीड़ देखकर तेंदुआ गोल्ने और लखनाड़ी गांव के बीच झाड़ियों में जा घुसा। सूचना पर पहुंचे वन कर्मी उसे ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू करने के लिए विशेषज्ञों का इंतजार करते रहे लेकिन देर रात तक विशेषज्ञ नहीं पहुंच पाए थे।ऐसे में अधिकारियों ने वन कर्मियों को पूरी रात मौके पर डटे रहकर तेंदुए की पहरेदारी करने के निर्देश जारी किए हैं। रेंजर मनोज कुमार लोहनी ने बताया कि ट्रेंकुलाइजर टीम मरचूला के झड़गांव गई है जिसे बुलाया गया है। रात में तेंदुए को ट्रेंकुलाइज नहीं किया जा सकता। ऐसे में बृहस्पतिवार को इसे रेस्क्यू कर उपचार के लिए पशु अस्पताल पहुंचाया जाएगा। मौलेखाल। सल्ट क्षेत्र के मोहान भकराकोट में बीते सोमवार फेरी लगाकर वापस लौट रहा मुरादाबाद यूपी निवासी एक युवक जंगलों के बीच लापता हो गया था। बाघ प्रभावित क्षेत्र होने से वन विभाग ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। टीम को उसकी बाइक व उससे कुछ दूरी पर उसका मोबाइल, जूते व बैग मिला। बुधवार को भी वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाया। लेकिन सफलता नहीं मिली। ऐसे में वन विभाग व लापता युवक के परिजनों की चिंता बढ़ गई है।

# अमृत सरोवर योजना से 1092 तालाब बनकर हुए तैयार

देहरादून। देशभर में जलाशयों के पुनरुद्धार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना को लागू करने में उत्तराखंड ने तीसरा स्थान पाया है। इसमें पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश और दूसरे स्थान पर जम्मू-कश्मीर हैं। प्रदेश में इस योजना के लागू होने से जहां भू-जलस्तर में सुधार देखने को मिला है। वहीं, ग्रामीणों के लिए खेतों में सिंचाई और मछली पालन व्यवसाय की राह भी खुली है। केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई अमृत सरोवर योजना के तहत जिला स्तर, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर हो चुके तालाबों का जीर्णोद्धार कर इन्हें पुनर्जीवित किया जा रहा है। योजना के तहत हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जाने थे। उत्तराखंड में लक्ष्य 975 के सापेक्ष 1092 अमृत सरोवर का निर्माण किया है। इनमें से 199 वन भूमि पर वन विभाग की ओर से तैयार कराए गए हैं। ग्राम्य विकास विभाग के तहत संचालित इस योजना में बने 340 अमृत सरोवर को ग्रामीणों के समूहों को मछली पालन के लिए आवंटित किया जा चुका है। यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। ग्राम्य विकास विभाग की मानें तो अमृत सरोवर के विकास से ग्रामीणों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर भू-जलस्तर पर में सुधार देखने को मिला है। किसानों को सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा ग्रामीण अमृत सरोवर में मछली पालन कर अपनी आय बढ़ा रहे हैं। उत्तराखंड में अमृत सरोवर योजना की प्रगति को देखते हुए इसे और आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत ग्राम्य विकास विभाग ने 961 स्थान और चिह्नित किए हैं, जहां अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। इनमें से 236 पर काम शुरू हो गया है।



# नई विद्युत दरें 1 अप्रैल से लागू होंगी

## उपभोक्ताओं का पक्ष जानने हेतु जन सुनवाईयाँ आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग द्वारा राज्य में विद्युत दरों के प्रस्ताव पर जन सुनवाई सभागार, जिला पंचायत, रूद्रपुर ( उधम सिंह नगर) हुई। आयोग द्वारा आम उपभोक्ताओं का पक्ष सुना गया। यहाँ यह अवगत कराना है कि राज्य की विद्युत कम्पनियों यूपीसीएल, पिटकुल, यूजेवीएन लि0 एवं एसएलडीसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की विद्युत दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसके अनुरूप समस्त विद्युत कम्पनियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के टैरिफ में 28.57% की वृद्धि प्रस्तावित की गयी है। इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा राज्य के विभिन्न स्थानों में आम उपभोक्ताओं का पक्ष जानने हेतु जन सुनवाईयाँ आयोजित की - गयी है। उक्त जन सुनवाई में घरेलु एवं अघरेलू श्रेणी, उद्योग श्रेणी, पी0टी0डब्ल्यू0 के उपभोक्ताओं के सुझावों एवं आपत्तियों को सुनने के बाद आयोग द्वारा दरें निध ारित की जायेगी तथा नई विद्युत दरें 01 अप्रैल 2023 से लागू होंगी। इस जन सुनवाई में कुल 35 उपभोक्ताओं द्वारा आयोग के समक्ष अपने सुझाव एवं आपत्तियाँ दर्ज की गयी । इस जन सुनवाई में उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री डी०पी० गैरोला, श्री मनोज कुमार जैन, सदस्य (तकनीकी), श्री नीरज सती-सचिव, श्री रजनीश माथुर, निदेशक (कॉ./लॉ.), श्री दीपक पाण्डे, निदेशक (वित्त), श्री प्रभात किशोर डिमरी, निदेशक (तकनीकी), श्री दीपक कुमार, उप निदेशक (प्रशासन) के साथ यूपीसीएल की ओर से उच्च अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।





# राज्यपाल को दी नाबार्ड के क्रिया कलापों की जानकारी

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में बुधवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास संस्थान (नाबार्ड), उत्तराखण्ड के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार बिष्ट और प्रबंधन निदेशक डॉ. सुमन कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को नाबार्ड की गतिविधियों और क्रिया-कलापों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि नाबार्ड को ग्रामीण समृद्धि का आधार बनाने का प्रयास किया जाय। उन्होंने कहा कि कलस्टर आध ारित कृषि के लिए किसानों को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के साथ ही प्राकृतिक जल स्रोतों के संवर्द्धन पर भी विशेष फोकस किया जाय। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बेहतरीन उत्पाद बनाये जा रहे है। उनके उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग और सप्लाई चेन में नाबार्ड सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करने के प्रयास किए जाएं।



# उत्तराखंड स्वागत गीत का सीएम धामी ने किया विमोचन

देहरादून(उद संवाददाता)। गरुड़ विकासखंड के सिल्ली गांव निवासी युवा गायक मधुसूदन जोशी द्वारा रचित उत्तराखंड स्वागत गीत का प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विमोचन किया। बताते चलें कि पूर्व में भी युवा गायक मधुसूदन जोशी द्वारा उत्तराखंड की संस्कृति व धरोहरों को संरक्षित करने के उद्देश्य से कई गीतों की रचना की जा चुकी है। साथ ही उनके उत्तराखंड स्वागत गीत की चारों और प्रशंसा हो रही है। युवा गायक मधुसूदन जोशी का कहना है कि पहाड़ के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी व कर्तव्य है। पहाड़ की संस्कृति व पहचान को बचाना आवश्यक है। सीएम धामी ने उत्तराखण्ड स्वागत गीत की प्रशंसा की है। साथ ही युवा गायक मधुसूदन जोशी को बधाई दी है।



# तुलसी धाम में श्री कृष्ण अवतार लीला का हुआ मंचन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मल्सा गिरधरपुर स्थित श्री तुलसी धाम में आयोजित 69 वें श्री तुलसी धाम महायज्ञ समारोह के तहत श्री तुलसीधाम सेवा समिति के सदस्यो द्वारा धार्मिक कथा मंचन श्री कृष्ण अवतार दर्शाया गया। जिसका उद्घाघाटन प्रतिष्ठित उद्योगपति प्रमोद मित्तल व पियूष मित्तल ने सयुंक्त रूप से धार्मिक अनुष्ठानों के बीच दीप प्रज्वलन तथा फीता काटकर किया। इस मौके पर श्री मित्तल ने समिति द्वारा किए जा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समिति समाज सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणीय भूमिका निभाती है। श्री तुलसी धाम सेवा का नाम दूर तक प्रसिद्ध हो चुका है। तत्पश्चात श्री गुरु महाराज जी ने आर्शीवाद देते हुए कहा कि समिति का गठन सिर्फ समाज सेवा के लिए हुआ है। समिति का उद्देश्य सिर्फ समाज के हित मे कार्य करना है। समिति वर्ष मे एक बार नेत्र शिविर तथा रक्तदान शिविर लगाती है। तत्पशचात समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियो का स्वागत कर उन्हें स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर प्रमोद मित्तल, पूनम मित्तल,लक्ष्मण दास बांगा, तीरथ मुंजाल, सुरेश प्रधान, सुनील बांगा, सूरज बांगा, ओम प्रकाश बांगा, तिलक बांगा, प्रभात खुराना, रिकू बत्रा, दीपक बत्रा, राजीव खुराना, बिट्टू मक्कड़,बिट्टू खुराना, प्रवेश बांगा, सतीश कामरा,राजकुमार खुराना, जिम्मी बांगा, कुनाल बांगा, डिम्पल बांगा, पंकज कक्कड़, विनोद बेहड, पुलकित चावला, वरुण शर्मा, दीपक बांगा, राजू नरूला व श्री तुलसी ध ाम सेवा समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।





# रोडवेज बस में यात्री का पर्स उड़ाकर भागता युवक दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।नगर में जेबकतरों की सक्रियता बढ़ने लगी है। अब जेबकतरे दिनदहाड़े लोगों को अपना निशाना बनाने लगे हैं। रोडवेज स्टेशन में जेबकतरे को दबोचा गया है। वह नगदी भरा पर्स लेकर भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार फ्रैण्डस कॉलौनी, तल्ली हल्द्वानी निवासी विजय सुयाल पुत्र कान्ति बल्लभ सुयाल बीती शाम किसी काम से रोडवेज बस अड्डे आये हुए थे। इस बीच जेबकतरे ने मौका पाकर उनकी जेब से पर्स निकाल लिया और भागने का प्रयास करने लगा। इसका आभास होने पर विजय सुयाल ने शोर मचा दिया। इस पर आस-पास के लोगों ने पीछा कर जेबकतरे को दबोच लिया। जिसे धुनाई लगाने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पर्स में 210 रूपये की नगदी व अन्य सामान बताया जा रहा है। मामले में पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है। पुलिस आरोपी राशिद पुत्र रियासत निवासी गांधी स्कूल के पास के खिलाफ कार्रवाई में जुट गई है।

# सत्कार होण्डा रुद्रपुर में नया होण्डा एच स्मार्ट स्कूटर की लांचिंग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सत्कार होण्डा रुद्रपुर में होण्डा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया लिमिटेड का नया वेरिएंट होण्डा एच -स्मार्ट देव भूमि जिला व्यापार मण्डल अध्यक्ष सरदार गुरमीत सिंह के द्वारा लांच किया गया हैं। यहाँ से एक्टिवा स्मार्ट 5 स्कूटर की डिलीवरी और 21 एच - स्मार्ट स्कूटर की बुकिंग की गई हैं। इस मौके पर सत्कार होण्डा के एमडी इंदरजीत सिंह के द्वारा नई एक्टिवा की खूबियां बताई गई हैं। इस नयी एक्टिवा की खास बात हैं की इसमें एंटी थेफ्ट फीचर्स दी गई हैं । इसके स्कूटर के साथ दो स्मार्ट चाबी मिलेगी जिसकी मदद से आप कई फीचर्स का लाभ उठा पाएंगे जैसे - स्कूटर के 2 मीटर के दायरे में आते ही स्कूटर ऑटो अनलॉक मूड में आ जाएगी तथा दूर जाने पर ऑटो लॉक मूड में आ जाएगी । जिससे गाड़ी चोरी होने की सम्भावना बोहोत कम हो जाएगी , इसके आलावा आप बिना चाबी लगाए ही फ्यूल लीड , सीट लॉक तथा हैण्डिल लॉक आसानी से खोल सकते है। एक बेहतरीन फीचर ये हैं की जब आपकी स्कूटर पार्किंग या कही भीड़ में खड़ी हो तो आप स्मार्ट चाभी की मदद से आसानी से अपनी स्कूटर ढूंढ सकते हैं। इसके साथ ही एक्टिवा 110 बब में पहली बार आपकी अलॉय व्हील में मिलेगी। इस अवसर पर सत्कार हौंडा के एमडी इंदरजीत सिंह और परमजीत सिंह के साथ-साथ नवीन , मनीष , हर्षित ,डेविड , सशंक चौहान , गुरदयाल सिंह , अमित , शुभम ,संदीप इत्यादि शामिल हुए। हौंडा एच स्मार्ट आकर्षक कलर्स में उपलब्ध हैं।




# महानिदेशक ने दिये जांच के आदेश ,बैरंग लौटे बीईओ

## बतौर प्रशासक कार्यभार ग्रहण करने पहुंचे थे जीबी पंत कॉलेज गायब जरूरी दस्तावेजों के मामले में गहन जांच पड़ताल जारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज की अलमारी से षड्यंत्र के तहत गायब जरूरी दस्तावेजों के मामले में गहन जांच पड़ताल जारी है। इस मामले में महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा वंशीधर तिवारी ने खंड शिक्षा अधिकारी के संदिग्ध किरदार की जांच के भी आदेश पारित किए हैं लेकिन इसके बावजूद तिकड़म भिड़ाकर हठधर्मिता की सभी हदों को लांघते हुए खंड शिक्षा अधि कारी आर एस नेगी 22 फरवरी को कॉलेज के प्रशासक के रूप में पदभार ग्रहण करने के लिए विद्यालय पहुंच गए। कार्यवाहक प्रधानाचार्य को जब इसका पता चला तो महानिदेशक के आदेशों की अवहेलना करने की स्थिति में प्रबंध समिति से रायशुमारी के बाद खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर बैरंग वापस किया । ज्ञातव्य है कि जी बी पंत इंटर कॉलेज की अलमारी से गायब महत्वपूर्ण दस्तावेजों के प्रकरण में जब महानिदेशक विद्यालय शिक्षा बी डी तिवारी को पूरे प्रकरण की जानकारी हुई तो उन्होंने बीते 17 फरवरी को पत्र भेजकर पूर्व में गठित जांच समिति को निरस्त करते हुए अतिरिक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश पारित किए। आदेश में महानिदेशक ने स्पष्ट किया कि खंड शिक्षा अधिकारी के गतिविधि यों की भी बारीकी से जांच होनी चाहिए। लेकिन उधर दूसरी ओर खंड शिक्षा अधिकारी आर एस नेगी ने महकमे के कुछ अधिकारियों से सांठगांठ कर खुद को प्रशासक के रूप में नियुक्त करने संबंधी पत्र विद्यालय को प्रेषित करा दिया और तो और 22 फरवरी को बाकायदा खंड शिक्षा अधिकारी प्रशासक का पदभार ग्रहण करने के लिए विद्यालय भी पहुंच गए लेकिन जब यहां कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा का आदेश पत्र दिखाकर ऐसा करने में असमर्थता जताई दो विवादों में घिरे खंड शिक्षा अधिकारी के पैरों तले जमीन खिसक गई। कार्यवाहक प्रध ानाचार्य ने एक पत्र देकर तत्काल खंड शिक्षा अधिकारी को विद्यालय से बैरंग वापस लौटा दिया। यहां बता दें कि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक की कारगुजारियां दस्तावेजों में हेरफेर करने को लेकर लगभग साफ हो चुकी है। ऐसे ही विवादित प्रधानाचार्य से खंड शिक्षा अधिकारी के सांठगांठ का मामला प्रकाश में है। इस तरह की परिस्थिति में जांच की कार्यवाही पूर्ण होने तक खंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर देना चाहिए। गौरतलब है कि जी बी पंत इंटर कॉलेज के दस्तावेज संबंधी गहराए प्रकरण में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खुद मामले का संज्ञान लिया है। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रतिनिधि मंडल से अभी हालिया मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने आश्वस्त कराया था कि पारदर्शिता किसी भी कीमत पर कायम रहेगी इसके बावजूद खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा हठधर्मिता लांघना कहीं न कहीं इस बात का द्योतक है कि विभाग के कुछ और अधिकारी गलत कार्य को संरक्षण देने में लगे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान लेने के बाद महानिदेशक द्वारा पुरानी जाँच कमेटी को भंग कर नयी जाँच समिति गठित की गयी है जिसने अपना काम भी आरम्भ कर दिया है। 17 फरवरी को जारी आदेश के बाद भी मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा इस तरह की कार्यवाही शासन एवं महानिदेशक के आदेश की घोर अवमानना है ।

# भरत मिलाप का मंचन देख श्रद्धालु हुए भावविभोर

## तुलसीधाम में धूमधाम से मनाया जा रहा श्री तुलसी महायज्ञ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री तुलसीधाम मल्सा गिरधरपुर मे 69वाँ श्री तुलसी महायज्ञ बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर धार्मिक कथा मंचन भरत मिलाप दर्शाया गया। जिसे देख उपस्थित सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। मंचन का उदघाटन उद्योगपति बलराम अग्रवाल व अशोक अग्रवाल द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रजवलित कर व फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों की सेवा देखकर सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। श्री तुलसीधाम सेवा समिति जिस तरह से समाज सेवा के कार्य करती है वह अपने आप में एक मिसाल है। तत्पश्चात श्रीगुरुमहाराज जी ने आर्शीवाद स्वरूप कहा कि भगवान ने हमे यह मानव जीवन दिया है जिसके लिए हमे भगवान का धन्यवाद करना चाहिए और भगवान का धन्यवाद कर



इस मानव जीवन का ऋण उत्तराना उतारना चाहिए। हमे गरीबो की सेवा करनी चाहिए। श्री तुलासी धाम सेवा समिति के सदस्यों ने बाहर से आये अतिथियो का स्वागत किया व उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर रुचि अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, सुरेन्द्र खुराना, सुभाष खुराना, वेद प्रकाश खुराना, हरीश बांगा, विपिन बांगा, सुरेश नरूला, सुरेन्द्र तनेजा, गुरुदास बांगा, सूरज गम्भीर, सुरेन्द्र चावला, अशोक बांगा, भीमसेन बांगा, बलभद्र नरुला, अंकित बांगा, प्रदीप कामरा,शैली बांगा, सोनू खुराना, विनोद नरुला, सन्नी शर्मा, बैजनाथ छावड़ा, झण्डाराम बांगा, राजकुमार बांगा, सतवन्त कामरा, रवि चावला, सजीव बेहड़ अनिल बांगा, आशीष बांगा, राजू गाँधी, पंकज बांगा, सजल अनेजा व तुलसीधाम सेवा समिति व श्री तुलसी धाम महिला मण्डल के सभी सदस्य मौजूद थे।

# श्री तुलसीधाम में निकाली भव्य शोभा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी श्री तुलसी महायज्ञ के मौके पर तुलसा धाम मल्सा गिरधरपुर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो पूरे ग्राम मे भ्रमण कर श्री तुलसी धाम के प्रांगण में सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा का उद्घ्घाटन शिमला पिस्तौर के उद्योग पति सुशील अग्रवाल व प्रवीण अग्रवाल के द्वारा किया गया। शोभायात्रा का पूरे ग्राम मे जगह-जगह ग्राम वासियों द्वारा स्वागत किया गया। पूरे ग्राम मे भ्रमण कर शोभा यात्रा मन्दिर के प्रागण में पहुंची जहाँ दूर-दराज क्षेत्रों से आये महापुरुषों



द्वारा सत्संग-प्रवचन कर संगत को निहाल किया गया। इस मौके पर कृष्णलाल छाबड़ा, विरेन्द्र मक्कड़, सुरेन्द्र खुराना, शिवा चावला, शिवा नरूला, बल्देव बत्रा, कृष्ण लाल बत्रा, हरीश शर्मा, जगदीश शर्मा, जगदीश तरीका , कृष्ण लाल खुराना, चिमनलाल खुराना, अशोक सुधा, अशोक बांगा, गोपीनाथ छावड़ा आदि मौजूद थे।

# चिंतन दिवस के रूप में मनाया लार्ड वेडेन पावेल का जन्म दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रोवर्स रेंजर्स इकाई द्वारा लार्ड वेडेन पावेल का जन्म दिवस



चिंतन दिवस रूप में बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर रोवर्स रेंजर्स द्वारा मचान, पुल, कैम्प आदि बनाए गए तथा नृत्य, गायन, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में बिन्दु प्रथम, पुर्मिला द्वितीय तथा आंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में बिन्दु प्रथम, अजुम द्वितीय व कनुप्रिया तृतीय स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में मसरूम प्रथम, गौरव द्वितीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में बिन्दु प्रथम, गौरव द्वितीय तथा हेमेली ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. सर्वजीत सिंह द्वारा की गई। उन्होंने अपने वक्तव्य में कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। प्रो. शम्भु दत्त पाण्डेय द्वारा भी विद्यार्थियों का उत्साह वर्द्धन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, डॉ. चन्द्रपाल, डॉ. रूमा साह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का रेंजर्स प्रभारी डॉ. दीपमाला तथा रोवर्स प्रभारी डॉ. विवेकानंद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एसएसपी ने छात्राओं को नकल से दूर रहने के प्रति किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक बालिका इंटर कालेज मेंवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजू नाथ टी सी द्वारा छात्राओं को नकल विरोध ी आध्यादेश से परिचित कराते हुए उन्हें नकल किये जाने पर दी जाने वाली सजा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने नशायुक्त युवा, आतंकवाद, भ्रष्टाचार आदि ज्वलन्त मुद्दों पर भी छात्राओ को जागरूक किया और छात्राओं से भी



उनके विचार सुने। उन्होंने समस्त समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन को त्रिशूल की संज्ञा दी जो कि समस्त समस्या को ध्वस्त करने के लिए कृत संकल्प है। इस अवसर पर गुरुनानक शिक्षा समिति के प्रबन्धक गुरुमीत सिंह एवं गुरुनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिलराज सिंह द्वारा वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीती अग्रवाल, गुरुनानक इन्टर कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुरमुख सिंह, प्रबंधक परमजीत सिंह एडवोकेट, करनैल सिंह, भूपेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक, सीपीयू टीम इन्चार्ज राकेश बिष्ट, सीओ ट्रैफिक पत्तमगर तपेश चन्द्र, ट्रेफिक इन्सपेक्टर विजय विक्रम पीआरओ भारत सिंह, एसएसआई कमाल हसन, चौकी इन्चार्ज सन्दीप शर्मा, एस आई नरेश जोशी, दीपचन्द्र, कान्स्टेबल डिगर सिंह, विशाल रावत का स्वागत किया गया। सीपीयू अधिकारियों ने छात्राओं को यातायात के नियमों पर चलने एवं सभी को जागरूक करने का आव्हान किया। प्रधानाचार्या एवं शिक्षा समिति के प्रबंधक एब गुरमीत सिंह ने आश्वस्त किया कि विद्यालय की छात्राऐं उनके द्वारा दी गई शिक्षा को व्यवहार में लायेंगी। इस मौके पर कॉलेज का समस्त परिवार उपस्थित रहा।

# पत्नी के पेट में घोंपा चाकू

बागेश्वर(उद संवाददाता)। घर मे पति पत्नी के बीच आपसी कहासुनी चाकूबाजी तक पहुँच गई, घरेलू हिंसा के बीच पति पत्नी के बीचआपसी झगड़ा और बहस से पति ने पत्नी को चाकू घोंप दिया।झगड़े के बीच हुई गालीगलौच में पत्नी पर तहस में आकर घर मे रखे चाकू से पत्नी पर डरावने अंदाज में हमला कर दिया, चाकू लगने के बाद महिला लहूलुहान हो गई, जिसके बाद महिला को परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल लाए। जहां से महिला की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।वही 112 से घटना की सूचना पर पुलिसमौके पर पहुँची, पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दिया है। नगर के बैणीमाधव वार्ड के चौरासी निवासी 24 साल की विवाहिता सुनीता को बुधवार की सुबह परिजन जिला अस्पताल लाए। उन्होंने डाक्टरों को बताया कि महिला के पेट में उसके पति पवन कुमार ने चाकू घोंप दिया है। डॉ. हिमांशु ने बताया कि महिला के दाएं तरफ पेट में चाकू का गहरा घाव था। यहां उसकी हालत खराब हो रही थी, इसी लिए प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया,अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी, कोतवाल कैलाश सिंह नेगी ने बताया कि महिला ने 112 पर भी सूचना दी है और अस्पताल से भी सूचना मिली है। घटना की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि मामले में देर शाम घायल के पिता चनर राम की तहरीर पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 324, 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# हल्द्वानी में अतिक्रमण पर फिर गरजी जेसीबी

## सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर भैंसों के लिए बनाए गए 12 तबेलों को किया ध्वस्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ जिला प्रशासन इन दिनों जोर शोर से अभियान चला रहा है। इसी के तहत जिला प्रशासन और नगर निगम संयुक्त रूप से सरकारी भूमि पर बनाए गए भैंस के तबेलों पर जेसीबी मशीन चलाई गई है। जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। लाइन नंबर 12 स्थित सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर भैंसों के लिए बनाए गए 12 तबेलों को तोड़ने की कार्रवाई की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि सरकारी भूमि पर कब्जा कर एक व्यक्ति द्वारा भैंसों का तबेला बनाया गया है। उसके बाद प्रशासनिक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों के हौंसले पस्त नजर आ रहे हैं। सिटी



टीम ने मय फोर्स तुरंत अतिक्रमण ध्वस्त करने मौके पर पहुंच तोड़ने की कार्रवाई की है। जिला प्रशासन की इस मजिस्ट्रेट ने बताया कि सार्वजनिक भूमि पर लंबे से भैंसे पाले जाने का मामले सामने आया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कच्चे-पक्के भवन को नतोड़ भूमि को खाली करवा गया है। सार्वजनिक भूमि को संवारने का कार्य किया जाएगा जिससे यह आम जनता के किसी काम आ सके। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा है कि शहर में जहां कहीं सरकारी भूमि पर कब्जे के मामले सामने आ रहे हैं अतिक्रमण ध्वस्त कर भूमि कब्जे में लेने की कार्रवाई की जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि जिन लोगों ने भी सरकारी भूमि पर कब्जा किया है उसको तुरंत खाली कर दे नहीं तो जिला प्रशासन उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी आर पार की लड़ाई लड़ने के लिये तैयार

बागेश्वर(उदसंवाददाता)। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की मुहिम को लेकर कर्मचारी सरकार के विरुद्ध विरोध को लेकर एकजुट होने लगे है,पुरानी पेंशन की बहाली होने तक कर्मचारी सरकार से आर पार की लड़ाई आंदोलन के बल पर करने का मन बना चुके है, इसी को लेकर पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय संगठन की बैठक में हल्द्वानी में 26 फरवरी को आयोजित रैली को सफल बनाने पर



मंथन किया गया। इसके बाद पत्रकार वार्ता के माध्मय से अपनी रणनीति सांझाा की। वक्ताओं ने बताया कि रैली में बागेश्वर से एक हजार से अधिक कर्मचारियों के पहुंचने का लक्ष्य रखा है। प्रकटेश्वर मंदिर में आयोजित पत्रकार वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन उत्तराखंड के बैनर तले हल्द्वानी में रैली होगी। 26 फरवरी को रैली सुबह 11 बजे वाटिका वैंकट हौल से एसडीएम कार्यालय तक जाएगी। दो बजे तक कार्यक्रम चलेगा। उन्होंने 2004 के बाद नियुक्त लगभग 86 हजार अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन को बाध्य होंगी। वर्तमान में जो एनपीएस योजना के तहत सेवानिवृत्त हो रहे हैं उन्हें एक हजार से तीन हजार की पेंशन बनी रही है। पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। पुरानी पेंशन योजना 1886 से लागू है। उन्होंने सभी से आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। इस मौके पर नरेंद्र पालनी, लक्ष्मण कोरंगा, गोपाल मेहता, केसी मिश्रा, भारतेंदु पंत, प्रकाश टाकुली व हरेंद्र रावल आदि मौजूद रहे।

# केदारीबगड़ में बच्चों को व्यायाम की सुविधा के लिए विधायक ने किया सहयोग

कपकोट (उद संवाददाता)। कपकोट विधानसभा क्षेत्र में विकास की किरण बहाने को लेकर क्षेत्रीय विधायक मुस्तैद हैं। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने कपकोट विधानसभा को आदर्श विध ानसभा बनाने की ठानी है। विकास किसी क्षेत्र में भी अछूता न रहे इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, वही विभिन्न स्थानों में विध ायक कार्यालय खोलकर लोगों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है। कपकोट स्थित केदारेश्वर मैदान को विकसित किया जा रहा है, स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया द्वारा छात्रों युवाओं और खेल प्रेमियों के लिए मैदान में विभिन्न प्रकार के व्यायाम उपकरण लगाकर नित्य व्यायाम और शारीरिक दक्षता से अपनी खेल प्रतिभा को निखारे इसके लिए खेल मैदान में युवाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। उनकी मूलभूत समस्याओं का समय से निराकरण हो इसके प्रयास किए जा रहे है। सबका साथ सबका विकास की



नगर पंचायत क्षेत्र में युवाओं के लिए व्यायामशाल का निर्माण जल्द किया जा रहा है विधायक गढ़िया ने सभी लोगों से क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग की अपील की, उन्होंने कहा कि विकास अंतिम छोर पर रहने वालों तक पहुँचे, नीति पर कपकोट विधानसभा को विकास की बुलंदियों पर ले जाया जाएगा।वही कपकोट को पर्यटन क्षेत्र में भी विकसित कर यहाँ के लोगों को पर्यटन से रोजगार के अवसर दिलाए जाएंगे। जिला पर्यटन का हब बनाया जाएगा।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# यूपीआई से भुगतान

किसी भी देश में आर्थिक गतिविधियों में आम लोगों की भागीदारी मुख्य रूप से अपनी जरूरतों के संदर्भ में लेनदेन के रूप में होती है। आज तकनीक की रफ्तार इस कदर तेज और इसका दायरा इतना बड़ा है कि न केवल वक्त के लिहाज से, बल्कि बहुस्तरीय सुविधाओं के मद्देनजर भी यह आम जनजीवन का हिस्सा बनता जा रहा है। यों लगभग सभी क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकी रोज नई ऊंचाई हासिल कर रही है, लेकिन खासतौर पर आर्थिक गतिविधियों में डिजिटल प्रणाली ने व्यापक पैमाने पर अपनी स्वीकार्यता बनाई है। यह बेवजह नहीं है कि आज भारी संख्या में लोग पैसों के लेनदेन के मामले में नगद पर निर्भर रहने के बजाय यूपीआइ जैसी डिजिटल सुविधा की ओर रुख करने लगे हैं। शायद इसी के मद्देनजर सरकार भी इस संदर्भ में एक तरह से स्पष्ट नीति पर चल रही है। गौरतलब है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री ने 'यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस' यानी यूपीआइ को भारत की सबसे पसंदीदा भुगतान प्रणाली बताया और कहा कि यह जल्दी ही नगदी लेनदेन को पीछे छोड़ देगी। दरअसल, भारत की 'यूपीआइ' और सिंगापुर की 'पे नाऊ' प्रणाली के बीच संपर्क सुविधा की शुरुआत की गई है, जो दोनों देशों की त्वरित भुगतान प्रणाली को मोबाइल ऐप के माध्यम से सुविधाजनक, सुरक्षित, तेज गति से और सीमा पार धन हस्तांतरण में सक्षम बनाएगी। इस सुविधा का सबसे बड़ा लाभ है कि अब भारत और सिंगापुर के लोग अपने मोबाइल फोन से उसी प्रकार धन का हस्तांतरण कर पाएंगे, जैसे वे अपने-अपने देशों में अभी करते हैं। आधुनिकी तकनीकी और इंटरनेट की दुनिया में व्यापक उपलब्धियों के दौर में यह स्वाभाविक ही है कि इसका उन क्षेत्रों में भी बेहतर सदुपयोग हो, जो किसी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिहाज से अहम माने जाते हैं। किसी भी देश में आर्थिक गतिविधियों में आम लोगों की भागीदारी मुख्य रूप से अपनी जरूरतों के संदर्भ में लेनदेन के रूप में होती है। अब तक यह व्यवस्था नकद भुगतान के रूप में कायम रही है और लोग इसी के अभ्यस्त रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में जब से इस क्षेत्र में डिजिटल माध्यम का विस्तार हुआ है, उसके बाद धीरे-धीरे सही, लेकिन बड़ी तादाद में लोग खरीद-बिक्री या फिर अन्य जरूरतों के मामले में पैसे के लेनदेन के लिए आनलाइन माध्यमों या मुख्य रूप से यूपीआइ का उपयोग करने लगे हैं। हाल ही में आए एक आंकड़े के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 में पंजीकृत यूपीआइ लेनदेन पैंतालीस बिलियन रहा, जो पिछले तीन सालों में आठ गुना और पिछले चार सालों में पचास गुना बढ़ोतरी को दर्शाता है। जाहिर है, वक्त के साथ बदलते दौर और आधुनिक तकनीकी से लैस होती व्यवस्था में लोगों की भागीदारी बढ़ रही है। इसे सकारात्मक बदलाव कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत यह भी है कि डिजिटलीकरण के समांतर साइबर अपराधों का जोखिम भी बढ़ा है। आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें पैसों के भुगतान या लेनदेन में कोई गड़बड़ी हो जाती है। अगर किसी व्यक्ति से खुद कोई चूक हो जाती है तो यह किसी तकनीक के उपयोग में उसके प्रशिक्षण में कमी का मामला हो सकता है। लेकिन सच यह भी है कि बहुत सारे लोग संगठित साइबर अपराधों का शिकार हो रहे हैं। इसमें लोगों की लापरवाही, असावधानी, कम जानकारी या फिर मोबाइल आदि संबंधित तकनीक और इंटरनेट के असुरक्षित होने जैसी वजहें हो सकती हैं। हालत यह है कि कई बार किसी संस्थान में इंटरनेट पर आधारित बेहद सुरक्षित माने जाने वाली व्यवस्था में भी साइबर हमला करने वालों ने सेंधमारी की और उसे भारी नुकसान पहुंचाया। ऐसी स्थिति में नगदी के लेनदेन की बढ़ती रफ्तार डिजिटल दुनिया के विस्तार का सूचक जरूर है, लेकिन इसे साइबर अपराधियों से पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए भी चाकचौबंद व्यवस्था की जानी चाहिए।


MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER



AVAILABLE HERE

NEELKANTH ENTERPRISE

Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614


# भारत पर चीन की बढ़ती आक्रामकता के विरुद्ध अमेरिका

भारत समेत एशिया के दूसरे देशों के प्रति चीन की आक्रामकता किसी से छिपी नहीं है। भारत की ही यदि बात की जाए तो उसकी आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चीन अरुणाचल प्रदेश से लगती सीमा पर सामरिक महत्व के ठिकानों के अलावा अनाधिकृत रूप से गांव बसाने की तैयारी में जुटा है। चीन का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश जिसे वह दक्षिण तिब्बत का जंगनान क्षेत्र कहता हैए से जुड़ी नीति में उसने कोई परिवर्तन नहीं किया है। चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश को विवादित क्षेत्र बताता रहा है। लगभग दो वर्ष पहले चीन ने अरुणाचल प्रदेश की वास्तविक सीमा के करीब साढ़े चार किलोमीटर अंदर घुसकर सुबनसिरी जिले में एक गांव बसा दिया था। नवंबर 2020 में उपग्रह से ली गई तस्वीरों के माध्यम से भारत सरकार को इस बात की जानकारी मिल पाई थी। हालांकि इस घटना के लगभग एक वर्ष बाद उपग्रह से ली गई तस्वीरों में यह गांव नहीं दिखाई दियाए परंतु इस संबंध में भारत सरकार को अभी भी पूर्णतया सचेत रहना होगा। वस्तुतय सुबनसिरी जिले की सीमा लंबे समय से विवाद का हिस्सा रही है। इसे लेकर सशस्त्र संघर्ष भी हो चुका है। इसके बावजूद यह पूरी घटना देश की खुफिया एजेंसियों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। चीन भारत के अक्साइ चिन के अलावा भूटान के अंदर लगभग दो किमी की भूमि समेत नेपाल की 150 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर चुका है। इसके अलावा चीन की अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे लगभग सभी पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद कायम हैए जो उसकी विस्तारवादी नीति को दर्शाता है। चीन तिब्बत के सीमाई क्षेत्रों में तेजी से रेलमार्गों और सड़कमार्गों का निर्माण कर रहा है ताकि इस क्षेत्र में संरचनात्मक ढांचे को मजबूत बनाया जा सके। भारतीय सीमा के अंदर चीन द्वारा गांव बसाना उसके विस्तारवादी षड्यंत्र का ही दुष्परिणाम है। चीन की इस तरह की मंशा को भांपकर ही अरुणाचल प्रदेश से भाजपा सांसद तापिर गावो ने संसद में कहा था कि राज्य में चीन की घुसपैठ निरंतर बढ़ रही है। यह सभी घटनाएं बताती हैं कि चीन के प्रति भारत को और सजग रहने की आवश्यकता है। चीन की हमेशा ही कुटिल निगाह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर रही है। वर्ष 1962 के युद्ध के समय चीन ने भारत के पूर्वोत्तर हिस्से में अपने सैनिकों की सबसे बड़ी टुकड़ी तवांग मार्ग से असम की सीमा पर भेजी थी। भारत चीन की मंशा को अच्छे से जानता है। अतएव पिछले एक दशक में समूचे अरुणाचल प्रदेश में ढांचागत विकास को बहुत तेज किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीमा पर विकास कार्यों को निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। भारत सरकार द्वारा सीमा पर किया जाने वाला यह विकास और चीन को दो टूक जवाब उसके लिए परेशानी का कारण बन रहा है। दरअसल वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश से लगे सीमाई इलाकों में भारत सरकार 63 सड़कें बना रही है। इनमें से कई सड़कें और पुल तैयार होने के साथ आवागमन के लिए खोल भी दिए गए हैं। परिणामस्वरूप भारतीय सैनिकों की सीमा तक पहुंच आसान हो गई है। सनद रहे कि वर्ष 1962 में सड़कें नहीं होने के कारण ही भारतीय सेना को बहुत नुकसान उठाना पड़ा था। चीन की घुसपैठ रोकने के लिए तवांग समेत अरुणाचल प्रदेश के अन्य सीमा क्षेत्र में भारत ने अपने सैनिकों की संख्या और हथियारों के जखीरे बढ़ा दिए हैं। इसलिए चीन जिस रास्ते से भी घुसने की कोशिश करता हैएउसे भारतीय सेना तत्काल समुचित जवाब दे देती है। चीन ने अपनी मंशा को अंजाम देने के लिए एक ऑनलाइन मानचित्र सेवा शुरू की हैए जो कमोबेश गूगल अर्थ की तरह ही काम करती है। इसमें उसने भारतीय भूभाग अरुणाचल और अक्साई चिन को अपने देश का हिस्सा बताया है और इसे चीनी भाषा मंदारिन में लिखा है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताया है। चीन की भारत के विरुद्ध मंशा में पाकिस्तान भी पूरी मदद कर रहा है। चीन को खुश करने की दृष्टि से पाकिस्तान गुलाम जम्मू कश्मीर का 5180 वर्ग किमी क्षेत्र चीन को भेंट कर चुका है। चीन ने इस क्षेत्र में कुछ वर्षों के भीतर ही अरबों डालर का पूंजी निवेश किया है। इसके तहत चीन के शिनजियांग प्रांत से सीधे इस्लामाबाद पहुंचने के लिए काराकोरम सड़क मार्ग भी तैयार किया गया है। चीन ने तिब्बत में समुद्र तल से लगभग 3750 मीटर की उंचाई पर बर्फ से ढके गैलोंग्ला पर्वत पर 33 किमी लंबी सुरंग बनाकर हाईवे बनाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। यह सड़क सामरिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण हैए क्योंकि तिब्बत में मोशुओ काउंटी भारत के अरुणाचल प्रदेश का अंतिम छोर है। अभी तक यहां कोई सड़क मार्ग नहीं था। चीन अपनी साम्रज्यवादी नीति को विस्तार देते हुएए वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास नई रेल लाइन बिछाने की तैयारी भी कर चुका है। चीन केवल सीमा पर ही भारत को टक्कर देने की कोशिश नहीं कर रहा हैए बल्कि उसका खेल इससे कहीं अधिक बड़ा है। चीन प्राचीन भारतीय संस्कृत साहित्य से भी काफी कुछ सीखकर उस पर काम कर रहा है। इन प्राचीन साहित्यों का चीन मंदारिन भाषा में अनुवाद कराकर भी बड़ी बौद्धिक संपदा के वैज्ञानिक सूत्र हड़प चुका है। चीन के संस्कृत विद्वान ची श्येनलिन ने कई संस्कृत साहित्यों का अनुवाद किया है। चीन ने खगोल विज्ञानए जीन एडिटिंग और कृत्रिम बारिश के आविष्कार इन्हीं भारतीय सूत्रों से प्राप्त किए हैं। चीन की मंशा को अब अमेरिका समेत सभी पश्चिमी देश जान चुके हैं। यही वजह है कि अमेरिका अब भारत के समर्थन में खुलकर आ गया है। न केवल भारतए बल्कि तमाम दूसरे एशियाई देशों के साथ भी अमेरिका अब खड़ा दिखाई दे रहा है। अमेरिकी आसमान में चीन के कथित जासूसी गुब्बारे की घटना के बाद अमेरिका की सोच में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इस तरह के जासूसी गुब्बारे हिलियम गैस से भरे होते हैं। इसके निचले हिस्से में धरती की ओर मुख किए हुए जूम लैंस युक्त कैमरे लगे होते हैं। इनमें छोटी वस्तु को बड़ा करके चित्र लेने की क्षमता होती है। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम वाले कैमरे भी लगे होते हैं। रात्रि में तस्वीर लेने इंफ्रारेड कैमरे भी लगे होते हैं। इस गुब्बारे को मार गिराने के बाद अमेरिका ने दावा किया है कि इसमें ऐसी संचालक शक्ति ;य;प्रोपेलरद्ध भी लगी हुई थीए जो कैमरों को चित्र खींचने के लिए उपग्रह की तरह ऊर्जा देने में सक्षम थी। इस गंभीर जासूसी से अमेरिका की बेचैनी बढ़ना स्वाभाविक है। भविष्य में चीन इस तरह की गुस्ताखी न करेए इस लिहाज से अमेरिका ने भारत के बहाने चीन पर लगाम लगाने की कोशिश की है। इसीलिए अब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चीन की बढ़ती आक्रामकता को लगातार आड़े हाथ ले रहे हैं। अमेरिका से चीन के खराब होते संबंधों के परिप्रेक्ष्य में भारत के प्रति अमेरिका की दृष्टि तेजी से बदल रही है। अमेरिकी संसद में अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने का एक द्विदलीय प्रस्ताव पेश किया गया। यह बिल डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर जैफ मर्कले और रिपब्लिकन पार्टी के नेता बिल हैगर्टी ने मिलकर पेश किया है। इंडिया काकस के सहअध्यक्ष एवं सीनेटर जान कार्निन ने इस प्रस्ताव को संयुक्त रूप से तैयार किया है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को एक विवादित क्षेत्र के रूप में नहींए बल्कि भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देता है। प्रस्ताव में चीन द्वारा भारतीय सीमा क्षेत्र में सैन्य बल के उपयोगए भारतीय क्षेत्रों में अनाधिकृत गावों का निर्माणए अरुणाचल के शहरों एवं क्षेत्रों का मंदारिन भाषा में अपने देश के मानचित्र में प्रकाशन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा ;एलएसीद्ध पर यथास्थिति बदलने की कोशिश की घोर निंदा की है। चीन अरुणाचल पर अपना दावा करने के साथ इसे दक्षिण तिब्बत कहता हैए जो पूर्णतया गलत है। अमेरिका ने चीन और भारत के बीच मैकमोहन रेखा को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता देने की पुष्टि भी की है। इसमें चीन द्वारा भूटान के क्षेत्रों में सीमा विस्तार समेत चीनी उकसावे की भी निंदा की गई है। इन सांसदों का कहना है कि चीन मुक्त और खुले हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे में हमारे लिए अपने रणनीतिक सहयोगियों के साथ खड़ा होना आवश्यक है। अमेरिका का यह सोच उसके आकाश में कुछ दिनों पहले मार गिराए गए चीन के कथित जासूसी गुब्बारे के बाद बदला है। इस घटना के बाद यह सवाल जोरों से उठ रहा है कि क्या चीन अमेरिका और भारत जैसे अपने बड़े रणनीतिक विरोधियों की खुफिया जानकारी एकत्रित करने का प्रयास कर रहा है। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर वैरी ने वर्ष 2020 में कहा था कि चीनी जासूसी की वजह से अमेरिका की बौद्धिक संपदा और प्रकारांतर से उसकी अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। वर्ष 2022 में चीन ने ऐसा ही एक गुब्बारा भारतीय आसमान में भी भेजा था। चीन की इस तरह की गतिविधियों के संदर्भ में अमेरिका हिंद महासागर क्षेत्र के देशों की खुलकर पैरवी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हांगकांग में चीन के अड़ियल रवैये और चीन के शिनजियांग प्रांत में उईगर मुस्लिमों को प्रताड़ित किए जाने का मुद्दा भी उठाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन इस संदर्भ में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को चेतावनी भी दे चुके हैं। अपनी नई कूटनीति के अंतर्गत अब अमेरिका भारतए जापानए वियतनाम और फिलीपींस के हितों की भी सुरक्षा के लिए सचेत दिखाई दे रहा है। चीन जिस तरह से पश्चिमी देशों के प्रति आक्रामकता दिखा रहा हैए उस परिप्रेक्ष्य में अमेरिकाए ब्रिटेन और यूरोप के लिए यह जरूरी हो गया है कि चीन पर अंकुश लगाने के लिए वे भारतीय हितों की खुली पैरवी करें। बिना भारत के सहयोग के चीन पर दबाव बनाना संभव भी नहीं है। वैसे भी अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में भारत की मदद से ही ऐसे खतरों से निपटा जा सकता है।

**-प्रमोद भार्गव लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# तमाम शहरों में लगे हैं कूड़े के ढेर

## प्लास्टिक कचरे के निस्तारण पर हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

नैनीताल। हाई कोर्ट ने राज्य में प्लास्टिक निर्मित कचरे पर पूर्ण रूप प्रतिबंध लगाने के मामले में हीलाहवाली पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि हमने भी शहरों में कूड़े के ढेर देखे हैं। अफसर आदेशों का पालन करने का काम नहीं बल्कि पेपरबाजी कर रहे हैं। खंडपीठ ने अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट की तीन ग्राम पंचायतों के प्रधानों की शिकायतों की जांच कर फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट पेश करने के आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अल्मोड़ा को दिए हैं। इन प्रधानों ने पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि ब्लाक के अधिकारियों की ओर से जबरदस्ती शपथपत्र पर हस्ताक्षर करवाए जा रहे है। कोर्ट ने सचिव व निदेशक शहरी विकास, सचिव पंचायती राज, सचिव वन एवं पर्यावरण को 20 मार्च को व्यक्तिगत रूप से तलब करते हुए पूछा है कि पूर्व में पारित आदेशों पर कितना अनुपालन हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कहा है कि वह अपना प्लान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व शहरी विकास विभाग के साथ साझा करे। ताकि प्लास्टिक बनाने वाली कंपनियों पर कार्रवाई की जा सके। याचिका पर अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी। जनहित याचिका पर सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। प्लास्टिक के प्रयोग व निस्तारण को लेकर अल्मोड़ा निवासी जितेंद्र यादव ने जनहित याचिका पर सोमवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने कोर्ट को बताया कि 20 दिसंबर को कोर्ट ने सचिव पंचायती राज को कूड़ा निस्तारण की समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायतों से रिपोर्ट मंगाकर शपथपत्र के माध्यम से पेश करने के आदेश दिए थे। लेकिन सचिव ने प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों को आदेशित कर दिया कि अपनी-अपनी समस्याओं को शपथपत्र के माध्यम से कोर्ट में पेश करें। ऐसा नहीं करने पर हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस आदेश की वजह से पिछले सप्ताह प्रदेश के आठ हजार प्रधानों की ओर से 6.35 लाख पेज के शपथ पत्र पेश कर हाई कोर्ट में डंप कर दिए गए। जिनको पढ़ना असंभव है। इनसे यह भी पता नहीं चल सकेगा कि किस ग्राम पंचायत की क्या समस्या है। अल्मोड़ा की ग्राम पंचायत धन्यारी के प्रधान प्रकाश चंद्र सिंह, मेल्टा पंचायत के प्रमोद जोशी व पनेर पंचायत की हेमा जोशी ने पत्र लिखकर बताया कि शपथपत्र पर उनसे जबरदस्ती हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। जो कूड़ा निस्तारण की फोटो शपथपत्र में लगाई जा रही है वह उनके ग्राम सभा की ही नहीं है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि उन्होंने खुद भी देखा है कि तमाम शहरों में कूड़े के ढेर लगे हैं। सफाई के नाम पर डस्टबिन लगा दिए गए हैं।

# मिशन दालचीनी एवं मिशन टिमरू शुरू करने की घोषणा

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई में सगन्ध फसल उत्कृष्टता केन्द्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने किसानों की आय में वृद्धि हेतु मिशन दालचीनी एवं मिशन टिमरू शुरू करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिमरू व दालचीनी के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सगन्ध सेक्टर से उत्तराखण्ड के किसानों एवं युवाओं को हो रहे लाभ के दृष्टिगत सगन्ध पौधा केन्द्र को सुदृढ़ करने हेतु एक्ट के माध्यम से संस्थान के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में सगन्ध फसलें वर्तमान में एक बेहतरीन नगदी फसल के रूप में स्थापित हो रही हैं। किसानों को उनकी मांग के अनुसार समय पर पर्याप्त मात्रा में पौध सामग्री उपलब्ध कराने के लिए ही इस "सगन्ध पौध उत्कृष्टता केन्द्र" की स्थापना की गयी है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में राज्य में आर्थिकी और पर्यावरण के समन्वय स्थापित कर प्रदेश में विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर क्षेत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। इस दौरान कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री श्री गणेश जोशी ने भी अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में विधायक श्री सहदेव पुंडीर, श्री मुन्ना सिंह चौहान,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती आशा नौटियाल, सगंध पौधा केन्द्र के निदेशक डॉ. नृपेन्द्र चौहान, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, सहित अन्य काश्तकार मौजूद रहे।




# विकास कार्यों का स्वयं निरीक्षण कर रहे सीएम: प्रकाश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने बताया कि भाजपा सरकार



आने के बाद सरकार ने पार्टी के घोषणापत्र को धरातल में उतारने के लिए भरकस प्रयास किया है।मुख्यमंत्री खुद स्थलीय निरीक्षण कर रहे है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में प्रत्येक ब्लॉक एवम जनपद स्तर तक जाने वाले पुष्कर सिंह धामी पहले मुख्यमंत्री है। प्रत्येक विकास कार्य का मुख्यमंत्री स्वयं निरीक्षण कर रहे है। विगत दिनों प्रदेश में युवाओं और जनता को भ्रमित करने की कोशिश की गई है। मुख्यमंत्री धामी ने युवाओं के लिए सबसे अधिक काम किए है। जब से सरकार बनी है सभी प्रकार की अनियमितताओं की तुरंत जांच की गई है । आगे गड़बड़ी को रोकने के लिए कड़ाई से प्रयास किए गए हैं। लेकिन आज भी कुछ लोग युवाओं के कंधे पर बंदूक रखकर उनका उपयोग अपनी गंदी राजनीति के लिए कर रहे हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी इनके दुस्वपनों को पूरा नहीं होने देगी। श्री रावत ने कहा कि धामी सरकार भ्रष्टाचार पर शक्ति से कार्य कर रही है अनेक भ्रष्टाचारी जेल में बंद है। पहली बार यूकेएसएसएससी के चेयरमैन अनियमितताओं के आरोप में जेल में है। युवाओं को भाजपा सरकार पर भरोसा रखना चाहिए। कोई भी दोषी व्यक्ति बख्शा नहीं जाएगा। सख्त कार्यवाही की जाएगी चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो।कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष सीबीआई जांच की मांग कर रहा है। उनको सीबीआई पर पहले कभी भरोसा नहीं था। यह दल पहले कहते थे सीबीआई भाजपा का पिछलग्गू है लेकिन युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ के लिए और भर्तियों को रोकने के लिए उत्तराखंड में सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं और दिल्ली में इनकी पार्टियां सीबीआई पर विश्वास नहीं करती है। श्री रावत ने कहा की हमारी सरकार ने जो कहा है वह कर रही हैं। जिस दिन से धामी सरकार बनी है उस दिन से ही युवाओं को रोजगार देने के लिए कृत संकल्प है। समूह ग की परीक्षा भी लोकसेवा आयोग से कराने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। हमने 2300 पद पुलिस में ,750 पद अवर अभियंता ,150 पद सहायक अभियंता ,1471 एलटी ,900 अतिथि शिक्षक तथा 371 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की है। 2024 तक 30 से 35 हजार सभी रिक्त पदों पर धामी सरकार रोजगार देगी। सीबीआई और युवाओं के नाम पर आंदोलन करने वाले के मंसूबे भाजपा पूरा नहीं होने देगी। उत्तराखंड प्रतियोगिता परीक्षा अध्यादेश 2023 लागू होने के बाद कोई भी परीक्षाओं में अनिमितता करने की सोच नहीं सकता है। आंदोलन में घुसे अराजक तत्वों की जांच की जा रही है युवाओं की आड़ में सरकार को बदनाम करने का कुचक्र रचा गया है इसका पर्दाफाश होगा भाजपा युवाओं के साथ है उसको रोजगार देने के लिए कृत संकल्प है पारदर्शिता के साथ प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिया जाएगा धामी सरकार ने अपने 1 वर्ष से कम कार्यकाल में 7000 लोगों को रोजगार दिया है।

# बंद मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

काशीपुर। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र के मोहल्ला पक्काकोट में बंद मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हजारों के सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक उपरोक्त मोहल्ला निवासी घनश्याम का परिवार गत दिवस मकान में ताला बंद कर एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए सपरिवार चला गया। इस दौरान घात लगाए अज्ञात चोरों ने मौका पाकर बंद मकान की कुंडी चटका दी और कमरे में घुसकर अलमारी का सारा सामान खंगालते हुए बर्तन, नगदी समेत हजारों रुपये कीमत के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पड़ोसियों को सुबह इसका पता चलने पर उन्होंने तत्काल भवन स्वामी को फोन पर मामले की सूचना दी।

**सूचना संबंध विच्छेद**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अजय कुमार व उसकी पत्नी रेनुका जो मेरे साथ गलत व्यवहार कर मेरी संपत्ति हड़पना चाहते हैं। मैनें पुत्र अजय तथा पुत्रवधू रेणुका से पारिवारिक संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किसी भी कृत्य के लिए उक्त दोनों स्वयं ही जिम्मेवार होंगे।

**सुन्दरी देवी पत्नी स्व. गोवर्धन दास, निवासी ग्राम गिधपुरी तहसील व थाना किच्छा( उधमसिंह नगर )**

## पेज एक का शेष...

**दिल्ली ऐयरपोर्ट पर...**सकते हैं तो नरेंद्र शगौतम दासश मोदी को क्या दिक्कत है? हालांकि प्रेस कॉन्फ्रेंस के बीच में ही बयान देने के बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने अपने आसपास मौजूद लोगों से यह पूछा था कि क्या उन्होंने प्रधानमंत्री का मिडिल नेम सही पुकारा है? इससे पहले, कांग्रेस ने ट्वीट कर जानकारी दी है कि आज इंडिगो की फ्लाइट 6 ई–204 से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिल्ली से रायपुर के लिए जा रहे थे। सभी लोग फ्लाइट में बैठ गए थे, उसी दौरान कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को फ्लाइट से उतरने को कहा गया। कांग्रेस पार्टी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि सबसे पहले ईडी छत्तीसगढ़ भेजी गई। अब कांग्रेस अधिवेशन में शामिल होने जा रहे पवन खेड़ा को फ्लाइट में चढ़ने से रोक दिया गया। इस तानाशाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। उधर, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट करते हुए लिखा कि पहले ईडी ने रायपुर में छापामारी की, अब पवन खेड़ा को दिल्ली पुलिस द्वारा रायपुर के जहाज से उतारा गया है। तानाशाही का दूसरा नाम अमित शाही है। मोदी सरकार हमारे राष्ट्रीय महाअधिवेशन को बाधित करना चाहती है। हम डरने वाले नहीं हैं, देशवासियों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। वहीं, पवन खेड़ा ने कहा कि मुझे कहा गया कि आपके सामान को लेकर कुछ समस्या है, जबकि मेरे पास केवल एक हैंडबैग है। जब फ्लाइट से नीचे आया तो बताया गया कि आप नहीं जा सकते हैं। फिर कहा गया– आपसे क्ब्च मिलेंगे। मैं काफी देर से इंतजार कर रहा हूं। नियम, कानून और कारणों का कुछ अता–पता नहीं है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान में सवार होने से रोक दिया गया क्योंकि असम पुलिस ने उन्हें रोकने का अनुरोध किया था।

**संत समागम में...**भाजपा सरकार धर्मांतरण के खिलाफ भी सख्त रूख अपना रही है। भोली भाली जनता को अपनी बातों में बहलाकर उनका धर्म परिवर्तन करने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। ऐसे लोगों को राज्य में नहीं रहने दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त सरकार ने समान नागरिकता कानून भी बनाया जा रहा है जिसमें राज्य में रहने वाले हर व्यक्ति के लिये एक समान कानून होगा। इतना ही नहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में सुधार लाने के लिये कठोर नकल विरोधी कानून पास कराया गया है। जिसमें नकल करने और कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। श्री धामी ने कहा कि नकल कराने में प्रत्यंक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल षडयंत्रकारी भी सलाखों के पीछे भेजे जायेंगे। उन्होंने सभी अभीभावकों को अपने बच्चों को अच्छी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कराने का आह्वान किया साथ ही भरोसा दिलाया कि प्रतिभावान शिक्षित युवाओं को नौकरी देने का कार्य सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की बसों में परीक्षार्थियों को सरकार निशुल्क यात्रा की सुविधा दे रही है। सीएम ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिये भाजपा सरकार हर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कर रही है। श्री धामी ने तुलसी धाम मार्ग का निर्माण करवा कर इसकी नाम तुलसीधाम मार्ग रखने की घोषणा की। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा आदि मौजूद रहे। इस दौरान गुरू राजेंद्र शर्मा जी महाराज ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व सीएम ने तुलसी धाम में पधारे संत महापुरूषों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। वहीं श्री तुलासी धाम सेवा समिति के सदस्यों ने अतिथियो का स्वागत किया व उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर रुचि अग्रवाल, चिराग अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, सुरेन्द्र खुराना, सुभाष खुराना, वेद प्रकाश खुराना, हरीश बांगा, विपिन बांगा, सुरेश नरूला, सुरेन्द्र तनेजा, गुरुदास बांगा, सूरज गम्भीर, सुरेन्द्र चावला, अशोक बांगा, भीमसेन बांगा, बलभद्र नरुला, अंकित बांगा, प्रदीप कामरा,शैली बांगा, सोनू खुराना, विनोद नरुला, सन्नी शर्मा, बैजनाथ छावड़ा, झण्डाराम बांगा, राजकुमार बांगा, सतवन्त कामरा, रवि चावला, सजीव बेहड़ अनिल बांगा, आशीष बांगा, राजू गाँधी, पंकज बांगा, सजल अनेजा व तुलसीधाम सेवा समिति व श्री तुलसी धाम महिला मण्डल के सभी सदस्य मौजूद थे।

**उत्तराखंड पुलिस ने...**जुर्माना वसूला गया है। सी.पी.यू. के अतिरिक्त अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गये चालानों में सर्वाधिक 1 लाख 34 हजार 500 चालान देहरादून जिले में किये तथा 10 करोड़ 26 लाख जुर्माना वसूला गया, उधमसिंह नगर जिले में 1 लाख 1 हजार 800 चालान तथा 7 करोड,घ उत्तरकाशी जिले में 6 हजार 900 चालान 27 लाख जुर्माना, टिहरी जिले में 70 हजार चालान, 3 करोड़ 48 लाख का जुर्माना, चमोली जिले में 16 हजार 500 चालान तथा 1 करोड़ 7 लाख जुर्माना, रूद्रप्रयाग जिले में 9 हजार 700 चालान तथा 47 लाख जुर्माना, पौड़ी जिले में 33 हजार 100 चालान 1 करोड़ 26 लाख जुर्माना, हरिद्वार जिले में 80200 चालान, 3 करोड़ 03 लाख जुर्माना, नैनीताल जिले में 60 हजार 400 चालान, 3 करोड़ 41 लाख जुर्माना, अल्मोड़ा जिले में 18 हजार 900 चालान, 1 करोड़ 24 लाख जुर्माना, बागेश्वर जिले में 14 हजार 200 चालान, 67 लाख जुर्माना, पिथौरागढ़ जिले में 25 हजार 300 चालान तथा 97 लाख जुर्माना, तथा चम्पावत जिले में 15 हजार 900 चालान किये गये तथा 81 लाख रूपये का शमन शुल्क (जुर्माना) वसूला गया है।

**उत्तराखंड में १६ केंद्रों पर....** केंद्र– बंजारावाला देहरा पब्लिक इंटर कालेज, गुरु रामराय यूनिवर्सिटी ब्लाक ए और बी, गोवर्धन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज ,जीआइसी मेहूंवाला और महादेवी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी और कन्या गुरुकुल महाविद्यालय। इन केंद्रों पर 2213 पंजीकृत अभ्यर्थी हैं। हल्द्वानी के परीक्षा केंद्रश्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, खालसा नेशनल गर्ल्स इंटर कालेज, एमबीजीपीजी कालेज सेंटर एक और दो। इन केंद्रों पर अभ्यर्थी 1707 पंजीकृत हैं।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सातवीं एशियन जुजित्सू चैंपियनशिप के लिये खिलाड़ियों को किया थाईलैंड रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कल 24 से 28 फरवरी तक बैंकॉक थाईलैंड में आयोजित होने जा रही सातवीं एशियन जुजित्सू चैंपियनशिप 2023 में प्रतिभाग करने जा रहे जनपद के खिलाड़ियों को आज बस स्टैंड रुद्रपुर से जिला जु जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, चौहान जुजित्सू अकेडमी के संस्थापक प्रेम चंद् व राजवीर सिंह की अगुवाई में अनेकों खिलाड़ियों व खेल प्रेमी लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। इस अवसर पर जिला जुजुत्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने बताया कि कल 24 से 28 फरवरी तक बैंकॉक थाईलैंड में सातवीं एशियन जुजित्सू चौंपियनशिप आयोजित होने जा रही है। जिसमें जनपद उधामसिंह नगर से कमल सिंह और जय प्रकाश दोनो खिलाड़ी जुख्र जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में भारतीय टीम में शामिल होकर भारत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक सहयोग भी किया गया है। जनपद के साथ ही सम्पूर्ण देवभूमि वासियों को दोनों खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं।पदक जीतकर वापस आने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया जायेगा। दोनो खिलाड़ियों को जिला जुजित्सू संघ के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों द्वारा फूल माल्यार्पण कर बुके देकर शुभकामनाएं दी। और खिलाड़ियों से कहा बेस्ट ऑफ लक भारत देश के लिए पदक जीतकर लाना। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया



कि जुख्रजित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रेंशी विनय कुमार जोशी और महासचिव सिहान अमित अरोरा की अगुवाई में भारतीय जुजित्सू टीम आज रात दिल्ली एयरपोर्ट से थाईलैंड के लिए रवाना होगी। इस प्रतियोगिता में एशिया से 30 देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। जो कि अब तक की सर्वाधिक देशों द्वारा प्रतिभाग नकिए जाने का रिकॉर्ड है। कमल सिंह -62 किलो भार वर्ग की नेख्र वाजा एवं जुजित्सू फाइटिंग इवेंट्स एवं जय प्रकाश ख्र56 किलोभर वर्ग की नेख्र वाजा एवं जुजित्सू कॉन्टैक्ट इवेंट्स में अपना दमखम दिखाएंगे। श्री भारती ने बताया कि जो खिलाड़ी उक्त प्रतियोगिता में पदक हासिल करेंगे, उन खिलाड़ियों को चीन के हांगझोऊ शहर में होने वाले एशियन गेम्स की टीम के लिए संभावित खिलाड़ियों के रूप में भारत सरकार द्वारा विशेष प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही भारती ने दोनो खिलाड़ियों की आर्थिक मदद करने वाले सभी अभिभावकों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमी लोगों का आभार व्यक्त किया। जिला जुजित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ द्वारा आर्थिक सहायता देने हेतु विशेष आभार जताया। इस अवसर पर जिला जुजित्सू संघ के समस्त नपदाधिकारीगण डॉ. नागेंद्र शर्मा, जॉनी हिराम तिग्गा, केनेथ लाल, शोभा तिगा, किशोर सिंह, मुकेश यादव, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह, डीएसओ निर्मला पंत, सुरेश चंद्र पांडे, कृष्ण साना, शिवचरण, यतेंद्र कुमार, वसीम खान, आशा राणा, डॉ. कमला भारद्वाज, मनदीप कौर, मिंटू सैनी, रूनू, आकृति कौर, कंचन बसेरा, अभिषेक, शंकर सिंह बसेरा, राजीव राणा, सुखदेव सिंह, विक्रम भंडारी, सतविंदर सिंह, हैप्पी सिंह, लवली विश्वकर्मा, जय लोहनी, देवेंद्र सिंह रावत, विनोद लखेरा, भूपेश दुमका, सतनाम चावला, एजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, अजय शर्मा, जसविंदर सिंह, जीतू सहित अनेको अभिभावकों ने शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी।

# श्री सीता राम सेना ने शुरू की धन संग्रह रथयात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री सीता राम सेना के केंद्रीय संरक्षक परम पूज्य महादेव श्री शिव शंभू भोलेनाथ की असीम आशीर्वाद एवं श्री सीताराम जी की अखंड ज्योति के आशीर्वाद से श्री सीता राम सेना के मार्गदर्शन में ईश्वरी प्रसाद राठौर के निज निवास स्थान शिव नगर से धन संग्रह रथ यात्रा का विधि विधान से पूजन कर एवं भीम सेन गुप्ता ने नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। श्री राठौर ने कहा कि इस में आने वाले धन से टेंट हाउस खोला जाएगा जिसमें गरीब असहाय बच्चों के विवाह,धार्मिक आयोजन तथा मृतक परिवार को टेंट हाउस का सामान नि:शुल्क दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री सीताराम सेना जनहित में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में केंद्रीय कोषाध्यक्ष अनीता सिंह, संदीप सिंह, जिला प्रभारी राजेंद्र राठौड़, मुन्ना लाल राठौर, धर्मेंद्र राठौर, सुनील राठौर, अमन राठौर, संदीप राठौर, पिंटू पाल, अमर सिंह, हर प्रसाद चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को प्रदेश सरकार ने एस्कॉर्ट के साथ वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। महाराष्ट्र के राज्यपाल का पद से त्यागपत्र देने के बाद कोश्यारी दून आ गए हैं। वह डिफेंस कॉलोनी स्थित अपने आवास में रह रहे हैं। उनके उत्तराखंड लौटने के बाद गृह विभाग ने उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा दी है। उन्हें यह सुरक्षा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते प्रदान की गई है। इस संबंध में विशेष सचिव गृह रिधिम अग्रवाल ने आदेश जारी कर दिया है।

# फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर लाखों की ठगी का सरगना समेत दो गिरफ्तार

हरिद्वार। रुड़की में एक कारोबारी के घर फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना समेत दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों के पास से एक कार, ढाई लाख की नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया है। गिरोह के पांच बदमाश अब भी फरार हैं। पुलिस पांचों की तलाश कर रही है।बुधवार को गंगनहर कोतवाली में प्रेसवार्ता कर एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सुनहरा रोड निवासी सुधीर कुमार जैन के घर आठ फरवरी को दो कार में सात लोग फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर पहुंचे थे।उक्त लोगों ने खुद को अधिकारी बताते हुए परिवार के लोगों के मोबाइल जब्त कर लिए थे और घर की तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान एक बैग में 20 लाख की नकदी मिली थी। वह बैग को लेकर फिर आने की बात कहकर फरार हो गए थे।कारोबारी ने शक होने



पर इनकम टैक्स कार्यालय में छापे की जानकारी ली तो पता चला कि कोई रेड नहीं डाली गई है। इस पर कारोबारी ने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू कर दी थी। एसएसपी ने बताया कि कार नंबर सीसीटीवी कैमरे में आने के बाद पुलिस टीम को दिल्ली भेजा गया था। वहां से पुलिस ने सलमान उर्फ समर निवासी ग्राम खुड्डा नगला, थाना छपार मुजफ्फरनगर और धीरज निवासी 415 इंद्रप्रस्थ योजना लोनी रोड गाजियाबाद को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से पुलिस ने ढाई लाख की नकदी, घटना में प्रयुक्त कार, एक मोबाइल, एक स्टांप रबड़ मोहर और इनकम टैक्स कार्यालय संबंधी फर्जी कागजात बरामद किए हैं। दोनों ने पूछताछ में अपने पांच साथियों के नाम भी बताए हैं। साथ ही बताया कि घटना के बाद उन्होंने आपस में रकम बांट ली थी। एसएसपी ने बताया कि दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। दोनों के साथियों की तलाश की जा रही है। इस दौरान एसपी क्राइम रेखा यादव, एसपी देहात एसके सिंह, सीओ पल्लवी त्यागी और कोतवाली प्रभारी ऐश्वर्य पाल मौजूद रहे।

# विकास योजनाओं के लिये 7 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणाओं के तहत विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु लगभग 7 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में प्राचीन रूद्रेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार व पैदल मार्ग निर्माण हेतु 35.84 लाख एवं जनपद अल्मोड़ा में विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत सोमेश्वर मंदिर के सौन्दर्यीकरण हेतु 92.12 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधासभा सोमेश्वर के अन्तर्गत ही बयालाखालसा मंदिर में कार्य हेतु 72.07 लाख तथा जनपद अल्मोड़ा में ग्राम सभा जाख-भगेतिया में स्वर्गाश्रम के सौन्दर्यीकरण हेतु 42.18 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जनपद पिथौरागढ़ में शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत ग्राम ल्न्ठयूड़ा में बहुउद्देशीय मैदान के निर्माण हेतु तथा चण्डाक पिथौरागढ़ में जल संचय, जल क्रीड़ा हेतु मिनी झील का अवशेष कार्य हेतु 01-01 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जनपद पिथौरागढ़ में पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत चुकानीबगर से नाजरीकोट ट्रेक रूट के निर्माण हेतु 86.34 लाख, पिथौरागढ़ में ग्राम जारजिबली बाननी से छिपला केदार तक ट्रैक रूट के निर्माण हेतु 46 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही जनपद उधम सिंह नगर में समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सितारगंज में पर्वतीय विकास भवन हेतु 40 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र सितारगंज में ही बंग भवन हेतु 91.08 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# 15 मार्च को पेश होगा धामी सरकार का बजट

देहरादून। भराड़ीसैंण (गैरसैंण) विधानसभा में शुरू होने जा रहे बजट सत्र के दौरान धामी सरकार 15 मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश करेगी। 13 मार्च से सत्र का आगाज राज्यपाल के अभिभाषण से होगा। पिछले दिनों प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में भराड़ीसैंण विधानसभा में बजट सत्र करने का निर्णय लिया था। अपर सचिव विधायी एवं संसदीय कार्य शमशेर अली ने विधानसभा सत्र का अनंतिम प्रस्ताव जारी कर दिया है। इसके तहत 13 मार्च को राज्यपाल का अभिभाषण के बाद अगले दिन धन्यवाद प्रस्ताव व उस पर चर्चा शुरू होगी। 15 मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित होगा। उसी दिन वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल बजट प्रस्ताव पेश करेंगे। 16 मार्च को बजट पर चर्चा होगी और विभागवार अनुदान मांगों का प्रस्तुतिकरण, उन पर विचार और मतदान होगा। 17 मार्च को असरकारी कार्य भी होगा। 18 मार्च को विनियोग विधेयक पास होगा। सत्र के दौरान विधायी एवं संसदीय कार्यों के लिए सभी विभागों में नोडल अधिकारी बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# हल्द्वानी में सिंचाई और जल संकट को लेकर चिंता बढ़ने लगी

हल्द्वानी। उत्ताखंड में फरवरी के माह में ही पारा चढ़ रहा है। वहीं अगले एक दो हफ्ते में तापमान अभी और तेजी दिखा सकता है। उत्तराखंड में शुष्क मौसम के बीच तापमान चढ़ता जा रहा है। पहाड़ से लेकर मैदान चल चटख धूप पसीने छुटा रही है। जेट वायु धारा के प्रभाव के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस तक अधिक पहुंच गया है। साथ ही मैदानी क्षेत्रों में भी पारा चढ़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तापमान में वृद्धि और दिनचर तापमान में 18 डिग्री सेल्सियस तक का अंतर आने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग देहरादून के निदेशक विक्रम सिंह के मुताबिक गर्म हवाएं दर्ज होने से आगामी एक-दो हफ्ते में तापमान में और तेजी देखी जा सकती है। विगत 20 दिनों में हुई तापमान वृद्धि ने मार्च से पहले ही गर्मी का अहसास बढ़ा दिया है। कुमाऊं के सबसे बड़े शहर की लाइफ लाइन गौला नदी इस बार फरवरी से ही सिंचाई और जल संकट को लेकर चिंता बढ़ाने लगी है। पहले बारिश की कमी और अब बढ़ते तापमान की वजह से नदी के जलस्तर ने सात साल पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है। हल्द्वानी के साथ ही कालाढूंगी रोड, लालकुआं, रामपुर रोड व गौलापार क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था गौला नदी पर निर्भर है। सिंचाई विभाग को सभी क्षेत्रों की नहरें चलाने के लिए 360 क्यूसेक पानी की जरूरत होती है। इसके अलावा 30 क्यूसेक पानी रोजाना पेयजल के लिए जल संस्थान को दिया जाता है। सहायक अभियंता मनोज तिवारी ने बताया कि इस बार बारिश कम होने के कारण जनवरी में भी जलस्तर 200 क्यूसेक के ही आसपास था, जो अब 123 क्यूसेक रह गया है। इसमें से 30 क्यूसेक पानी जलसंस्थान को देने के बाद मात्र 93 क्यूसेक सिंचाई के लिए बच रहा है। जिसे रोस्टर के हिसाब से नहरों में छोड़ा जा रहा है। यदि ऐसी ही स्थिति रही तो गर्मियों के सीजन में पीने के पानी के लिए रोस्टर व्यवस्था चलानी पड़ जाएगी। दूसरी ओर फरवरी में ही दमुवाढूंगा, देवलचौड़ बंदोबस्ती, गौजाजाली, कुसुमखेड़ा समेत चार से पांच क्षेत्रों में पानी की कमी शुरू हो गई है।

# वार्डवार व निकायवार निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिये नोडल अधिकारी तैनात

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ना0नि0)/मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने आगामी नागर स्थानीय निकायों के निर्वाचन हेतु मतदाताओं के पंजीकरण कर उनकी वार्डवार/निकायवार निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु जनपद के अधिकारियों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/नोडल अधिकारियों की तैनाती की है। उन्होने बताया कि नगर निगम रूद्रपुर व नगर पंचायत लालपुर हेतु उप जिलाधिकारी रूद्रपुर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार रूद्रपुर को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त रूद्रपुर व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत लालपुर को नोडल अधिकारी नामित किया है। इसी प्रकार नगर निगम काशीपुर, नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज हेतु उप जिलाधिकारी काशीपुर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार काशीपुर को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त काशीपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत महुआखेडागंज को नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद खटीमा हेतु उप जिलाधिकारी खटीमा को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार खटीमा को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद खटीमा को नोडल अधिकारी नामित किया है। नगर पालिका परिषद सितारगंज व नगर पंचायत शक्तिगढ एवं नानकमत्ता हेतु उप जिलाधिकारी सितारगंज को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार सितारगंज को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सितारगंज, नगर पंचायत शक्तिगढ व नानकमत्ता को नोडल अधिकारी नामित किया है। नगर पालिका परिषद किच्छा व नगर पंचायत नगला हेतु उप जिलाधिकारी किच्छा को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार किच्छा को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद किच्छा एवं नगर पंचायत नगला को नोडल अधिकारी नामित किया है। नगर पालिका परिषद गदरपुर, नगर पंचायत दिनेशपुर एवं गूलरभोज हेतु उप जिलाधिकारी गदरपुर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार गदरपुर को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गदरपुर, नगर पंचायत दिनेशपुर एवं गूलरभोज को नोडल अधिकारी नामित किया है। नगर पालिका परिषद बाजपुर, नगर पंचायत केलाखेडा व सुल्तानपुर हेतु उप जिलाधिकारी बाजपुर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार बाजपुर को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बाजपुर, नगर पंचायत केलाखेडा व सुल्तानपुर को नोडल अधिकारी नामित किया है। नगर पालिका परिषद जसपुर एवं नगर पंचायत महुआडाबरा हेतु उप जिलाधिकारी जसपुर को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार जसपुर को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जसपुर, नगर पंचायत महुआडाबरा को नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होने सभी नामित अधिकारियों से कहा है कि राज्य निर्वान आयोग के निर्देशों एवं तत्संबंधी अधिनियम में विहित प्रक्रिया/नियमों के अन्तर्गत नागर स्थानीय निकायों की वार्डवार मतदाता सूची तैयार करने हेतु मतदाता पंजीकरण का कार्य राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित किये जाने वाले कार्यक्रम के अनुसार करायेंगे।